Amarabharatiavahana

अमरभारतीआवाहन

Document Information

Text title : Amarabharatiavahana

File name : amarabhAratIAvAhana.itx

Category : misc, sanskritgeet

Location : doc_z_misc_general

Author : Vasudev Dwivedi Shastri

Proofread by : Mandar Mali

Description/comments : Sanskrita Prachara Pustaka Mala Sangraha 37

Acknowledge-Permission: Uttara Pradesha Sarvabhauma Sanskrit Prachar Karyalaya

Latest update : May 19, 2024

Send corrections to : sanskrit at cheerful dot c om

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

Please help to maintain respect for volunteer spirit.

Please note that proofreading is done using Devanagari version and other language/scripts are generated using **sanscript**.

May 19, 2024

sanskritdocuments.org

अमरभारतीआवाहन

हे अमरभारती आओ,
तुम एक बार आनन्द सुधा फिर इस भू पर बरसाओ । ०
तुम नाद ब्रह्म की आदिम व्याकृत वाणी,
तुम मानवकुल की मातृगिरा कल्याणी,
तुम प्रथम उषा की ज्योति विश्व-संस्कृति की,
तुम भुक्ति-मुक्ति-सोपान सुगम संसृति की,
तुम ज्ञान-कर्म की घट-घट में फिर निर्मल ज्योति जलाओ,
हे अमरभारती आओ । १
तुम भारत के स्वर्णिम अतीत की प्रतिमा,
तुम युग युग गुम्फित-ज्ञान-साधना-सुषमा,
तुम दीपशिखा निर्धूम तिमिरमय पथ की,
तुम रश्मिमालिका मानव-जीवन-रथ की,
तुम क्लान्त जगत को शान्ति-सौख्य का फिर सन्देश सुनाओ
हे अमरभारती आओ । २

– रचयिता - श्री. वासुदेव द्विवेदी शास्त्री

Proofread by Mandar Mali

Amarabharatiavahana
pdf was typeset on May 19, 2024

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*